तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केन्द्रीय विद्यालय दाहोद

# मासिक पत्रिका

## अक्टूबर -2023

हमारे मार्गदर्शक

श्रीमती श्रुति भार्गव, उपायुक्त

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

अहमदाबाद सम्भाग

श्रीमती विनीता शर्मा, सहायक आयुक्त

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

अहमदाबाद सम्भाग

श्रीमती मीना जोशी, सहायक आयुक्त

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

अहमदाबाद सम्भाग

श्री वैंकटेश प्रसाद, सहायक आयुक्त

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

अहमदाबाद सम्भाग

श्री एनोश सैमसन, प्राचार्य

केन्द्रीय विद्यालय दाहोद

**सम्पादक मण्डल**

**मुख्य सम्पादक**

श्रीमती अर्चना शर्मा

स्नातकोत्तर शिक्षिका, हिन्दी

**सह सम्पादक**

श्री भूपेन्द्र सिंह परनामी

प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, संस्कृत

श्री नरेश ठाकोर

प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, अंग्रेजी

कला सज्जा

श्री रामशरण सेठी

कला शिक्षक

संगणक कार्य

श्री अमजद खान



# प्राचार्य संदेश

विद्यालय बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है | बच्चों की क्षमताओं और प्रतिभाओं का पल्लवन विद्यालय के अनुकूल माहौल में सहज ही होता है |विद्यार्थियों के ह्रदय के भाव पुष्पों और विभिन्न गतिविधियों का दर्पण विद्यालय की मासिक डिजिटल पत्रिका का प्रकाशन उनकी विविध कलाओं ,योग्यताओं को सराहने और प्रोत्साहित करने का सुनहरा अवसर है |यह माध्यम है विद्यार्थियों की मनः स्थिति और कल्पना के उन्मुक्त गगन में विचरण करते उनके बाल सुलभ विचारों की मनोहर सैर का |मैं आनंदित हूँ माह अक्टूबर की मासिक डिजिटल पत्रिका का प्रकाशन करते हुए और उम्मीद करता हूँ कि आप सभी को यह पत्रिका विद्यालयीन गतिविधियों की जानकारी के साथ साथ भावों का भी रसास्वादन करवाएगी | मैं विद्यार्थियों और संपादक मण्डल को शुभकामनाएं देता हूँ ,जिनके प्रयासों से यह पत्रिका साकार रूप ले सकी |

प्राचार्य

केन्द्रीय विद्यालय दाहोद

## अनुक्रमणिका

| क्रमांक | गतिविधि |
|---|---|
| 1 | विद्यार्थी भाव–वाटिका–हिन्दी |
| 2 | विद्यार्थी भाव–वाटिका– संस्कृत |
| **3** | **Students' Expressions Corner** |
| 4 | स्वच्छता 3.0 |
| 5 | मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह |
| 6 | भारतीय भाषा उत्सव |
| 7 | एक भारत श्रेष्ठ भारत |
| 8 | युवा मंथन |
| 9 | वॉलीबॉल मैदान का उद्घाटन |
| 10 | खादी महोत्सव |
| 11 | राष्ट्रीय एकता दिवस |



## विद्यार्थी भाव-वाटिका- हिन्दी

### विद्या का सागर

विद्या का सागर है अपार
बस तुम्हें करना है पार।
बिन प्रयास कुछ मिल पाएगा
बिन हल ज्ञान कहाँ से आएगा।
जैसी खेती वैसी फसल
जो करेगा मेहनत वो होगा सफल।

न रूकना राह में
अगर होना है सफल चाह में।
मेहनत करनी होगी जमकर
माता-पिता को गर्व होगा हम पर।
विद्या का सागर है अपार
बस तुम्हे करना है पार।
मत भूलना उन शिक्षकों को
जिन्होंने दिया तुम्हें है ज्ञान।
सदैव रहे तुम्हें यह ध्यान
करना है हमें शिक्षकों का सम्मान।

स्वरचित कविता- प्रतीक्षा, कक्षा - दसवीं



## चित्रकार की चतुराई

बहुत समय पहले एक चित्रकार था। वह बचपन से ही प्रकृति के चित्र बनाना पसंद करता था। वह एक बार जंगल में गया तो वह नदी के तट की चित्रकारी करने लगा सुंदर दृश्य देख रहा था और चित्र बना रहा था। तभी उसे जंगल से घुर्राने की आवाज़ आई और वह डर गया। पीछे से एक शेर आया और चित्रकार डर गया पर उसने साहस से बोलने जा रहा था पर शेर ने उसकी बात काट दी और बोला मैंने आज खाना नहीं खाया। मुझे भूख लग रही है। मैंने आज एक भी जानवर को नही खाया अब मैं तुझे खाऊँगा। फिर चित्रकार बोलता है – जंगल के राजा आप मुझे यहा पर खाओगे तो मेरी क्या इज्जत रहेगी और आपकी भी। इससे अच्छा है आप मुझे अपनी गुफा में ले जाओ और वहाँ पर खा लो तो हम दोनो की इज्जत रहेगी। फिर शेर और चित्रकार जाते हैं। गुफा बहुत दूर रहती है, जाते-जाते दोपहर हो जाती है। इसलिए शेर थक जाता है और सो जाता है। फिर चित्रकार खुद के जैसा चित्र बनाकर भाग जाता है। और उसकी जान बच जाती है।

स्वरचित कहानी- निमिषा, कक्षा – दसवीं

## माँ

जब अकेला रहा तो उसकी याद आई,

अंधेरे में था तो उसकी याद आई,

जब भूख लगी तो उसकी याद आई,

नींद नहीं आई तो उसकी याद आई,

सोचने में कितनी आसान लगती थी ये जिंदगी,

जब खुद से जीना सीखा तो उसकी याद आई,

तभी भी लगा कि माँ इतनी मतलबी कैसे हो सकती है?

हमसे भी ज्यादा हमारे लिए कैसे हो सकती है,

लेकिन सच तो यह है कि वह माँ ही होती है

जो हमारा पेट भर कर खुद भूखी रहती है।

**संकलन- आकाश, कक्षा- छठवीं**

**विद्यार्थी भाव-वाटिका- संस्कृत**

## कालः

प्रतीक्षमाणः कालः मन्दः भवति।

विलम्बेन कालः द्रुतः भवति।

कालः घातकः भवति यदा त्वं दुःखी भवसि।

कालः अल्पः भवति यदा त्वं सुखी भवसि।

कालः अनन्तः भवति यदा त्वं दुःखं प्राप्नोषि।

समयः दीर्घः भवति यदा भवन्तः बोरम् अनुभवन्ति।

प्रत्येकं समये समयः भवतः भावनाभिः भवतः मनोवैज्ञानिकस्थित्या

च निर्धारितः भवति न घण्टाभिः।

अतः सुन्दरः समयः भवतु सर्वदा।

संकलनम्- कृष भाभोर, कक्षा- सप्तमी

## शिक्षायाः महत्वम्

शिक्षा एव विश्वस्य परिवर्तनस्य सर्वोतमः उपायः अस्ति । शिक्षा अस्माकं जीवनं सुलभं कर्तुं ज्ञानं कौशलं च ददति । शिक्षां विना वयं अस्मिन् आधुनिक जगति जीवितुं न शक्नुमः स्म। अस्माभिः जनान् पर्यावरणस्य विषये, शिक्षितव्यं, ते कथं तस्य रक्षणाय साहाय्यं कर्तुं शक्नुवन्ति इति च। अस्माभिः बालकान् पुनः प्रयोगस्य विषये, पृथिव्याः रक्षाणार्थं ते किं कर्तुं शक्नुवन्ति इति च शिक्षितव्यम्। अहं मन्ये यत् शिक्षा अत्यन्तं महत्त्वपूर्णाः अस्ति यतोहि तया विना वयं स्वच्छे सुरक्षिते च जगति जीवितुं न शक्नुमः।

संकलनम्- हर्षिता पंवार, कक्षा- नवमी

**प्रहेलिकाः**

मेघाश्यामोऽस्मि नो कृष्णो, महाकायो न पर्वतः।

बलिष्ठोऽस्मि न भीमोऽस्मि, कोऽस्म्यहं नासिकाकरः॥

उत्तर– गजः

वृक्षाग्रवासी न च पक्षिराजः तृणं च शय्यां न च राजयोगी।

सुवर्णकायो न च हेमधातुः पुंसश्च नाम्रा न च राजपुत्रः॥

उत्तर– आम्रम्

अस्ति कुक्षी शिरो नास्ति बाहुरस्ती निरंगुली।

अहतो नरभक्शीचा यो जानाति सः पंडितः॥

उत्तर– युतकम्

दन्तैर्हीनाः शिलाभक्षी निर्जीवो बहुभाषकः।

गुनस्यूतिसमृधोऽपि परपादेन गच्छति॥

उत्तर– पादुका

नात्र फलं वा खादामि न पिबामि जलं किंचित्।

चलामि दिवसे रात्रौ, समय बोध्यामि च॥

उत्तर– घटी

संकलनम्– उर्वशी वारिया, कक्षा– नवमी



# Students' Expressions Corner –English

## TREES

**TREES, THEY 'RE THERE EVERY DAY**
**AND UNDER THEM, YOU CAN PLAY**
**THEIR LEAVES CAN NEVER MEAN**
**AND TREES ARE NEVER MEAN**
**PLEASE LET THEM STAY**
**SO JUST THEM FRAY**
**KEEP THEM CLEAN**
**DON'T LET THEM CLEAN**
**LET THEM THRIVE**
**AND THEY'LL KEEP ALIVE**

**KASHISH PARMER, CLASS 5 th**

## My School Promise

Each day I'll do my best
And I won't do any less
My work will always please me
And I won't accept a mess
I'll color very carefully
My printing will be neat
And I will not be happy
Until my work is all complete
I'll always do my homework
With learning as my quest.
I won't forget my promise
To always do my best!

Lakshika, Class – 10th

# GURUDEV RABINDRATHNATH TAGORE

**Rabindranath Tagore was myriad minded and a great poet, story, writer, novelist, dramatist, essayist, painter and composer of song. Gandhiji called him the great sentinel and he was also renowned as Gurudev.**

**Rabindranath Tagore was born on 6th May 1861 in an affluent joint family at Jorasanbo in Calcutta. His father was Maharshi Debendranath Tagore and his mother name was Sharada Devi. He was the youngest of thirteen children. He had spent most of his childhood with servants since his mother had passed away in 1883. He was married with Mrinalini Devi Raichandhuri. He had two sons and three daughters.**

**Rabindranath Tagore never liked the school education within four walls but he liked the outside world, so he was educated at home by private tutors. His father guided him with Upanishads. He established a school named Shantiniketan at Bolpur in Bengal. He was awarded Nobel Prize for literature for his famous book of poetry called Geetanjali in 1913. He returned British knighthood award in protest against the Jallianwala Bagh massacre. Ravindranath Tagore composed our national anthem Jana Gana Mana.**

**ANURAG CHAUDARY, CLASS 11 th**



## विद्यालयीन गतिविधियाँ
## प्रतिवेदन

### स्वछता 3.0 (01 अक्टूबर को सुबह 10 बजे, 1 घंटे स्वच्छता के श्रमदान) – 2023

केन्द्रीय विद्यालय दाहोद के विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षिकाओं और प्राचार्य श्रीमान एनोश सैमसन जी ने पश्चिम रेलवे क्षेत्र के सात रास्ता स्थित बालवाटिका उद्यान में 01 अक्टूबर को सुबह 10 बजे, 1 घंटे स्वच्छता के श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई अभियान चलाकर एक घंटे का श्रमदान किया

स्वच्छता की ओर एक कदम बढ़ाने के लिए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महात्मा गांधी के जन्मदिन के अवसर पर एक पहल की। जिसमें भारत के प्रत्येक नागरिक से महात्मा गांधी के जन्मदिन से एक दिन पूर्व सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे तक एक घंटे के लिए अपने–अपने गांव, शहर, जिले में स्वच्छता के लिए श्रमदान करने का आह्वान किया गया। इस संबंध में रविवार 01/10/2023 को दाहोद जिले के प्रमुख शहर दाहोद स्थित केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य श्री एनोश सैमसन के नेतृत्व में विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सर्वप्रथम विद्यालय में महात्मा गांधीजी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करके प्रार्थना कर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने स्वच्छता को लेकर सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकों को शपथ दिलाई।

तत्पश्चात विद्यालय की कक्षा 11 में अध्ययनरत राघव एवं मेघा ने गांधीजी की जीवनी पर अपना भाषण प्रस्तुत किया। और फिर सभी ने एक साथ रैली के रूप में विद्यालय से निकल कर पश्चिम रेल्वे के सात रास्ता क्षेत्र स्थित बालवाटिका में जाकर स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान करने की योजना बनायी। और बच्चों के इस उद्यान में जाकर उसकी सफ़ाई की और बाल वाटिका उद्यान को कचरा मुक्त बनाया।

कार्यक्रम के छायाचित्र –













## मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह- 2023

मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के प्रथम दिन विद्यालय के प्राचार्य श्री एनोश सैमसन जी ने मानसिक स्वास्थ्य पर विशद् व्याख्यान देकर विद्यार्थियों को मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए जागरूक किया। प्रथम दिन ही विद्यालय के संस्कृत शिक्षक और प्राचार्य जी ने विद्यार्थियों को मानसिक शक्ति को बढाने वाले योग आसनों का परिचय दिया तथा प्राणायाम, भ्रामरी, ध्यान-लगाना आदि आसन विद्यार्थियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को करवाए।

मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों ने हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में मानसिक स्वास्थ के महत्त्व पर अपने विचार प्रकट किए। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक ने अपने विचार रखते हुए स्पष्ट किया कि कैसे हम मानसिक रूप से कैसे स्वस्थ्य रहें और अपने मन को कैसे नियंत्रण में रखें।

मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के दौरान निबंध लेखन प्रतियोगिता और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 'मानसिक स्वास्थ्य और हमारा जीवन' विषय पर विद्यार्थियों ने निबंध लिखकर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी जागरुकता का परिचय दिया। मानसिक स्वास्थ को दर्शाती हुई पेंटिंग बनाकर विद्यार्थियों ने चित्र के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अपने समर्पण को प्रकट किया।

मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के दौरान विद्यार्थियों ने प्रण लिया कि मोबाईल का प्रयोग कम से कम करेंगे। सद् साहित्य का अध्ययन करेंगे। प्रेरणात्मक व्यक्तित्वों के कृतित्त्व और व्यक्तित्त्व का अध्ययन करेंगे। प्रत्येक दिन ध्यान लगायेंगे। मानसिक शक्ति को बढाने वाले योग-आसनों को दैनिक जीवन में व्यवहार में लायेंगे।

कार्यक्रम से सम्बंधित छायाचित्र-









KENDRIYA VIDYALAYA DAHOD
MANODARPAN


KENDRIYA VIDYALAYA DAHOD
MANODARPAN
Mental Health Week


KENDRIYA VIDYALAYA DAHOD


KENDRIYA VIDYALAYA DAHOD
MANODARPAN
Mental Health Week


KENDRIYA VIDYALAYA DAHOD
MANODARPAN
Mental Health Week

# भारतीय भाषा उत्सव– 2023

भारतीय भाषा उत्सव के प्रथम सप्ताह **(28/09/2023 से 04/10/2013** तक) के प्रारम्भ में विद्यालय के प्राचार्य श्री एनोश सैमसन जी ने भारतीय भाषाओं पर विशद् व्याख्यान देकर विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं के अध्ययन के लिए प्रेरित किया किया। विद्यालय के संस्कृत शिक्षक ने भारतीय संविधान में उल्लेखित 22 भाषाओं के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करवाया। विद्यार्थियों ने भारतीय भाषा उत्सव के पहले सप्ताह में पर्यावरण एवं प्रकृति पर आधारित पोस्टर बनाए, जिनमें हिन्दी, संस्कृत, गुजराती, मराठी और पंजाबी भाषाओं का उल्लेख किया।

भारतीय भाषा उत्सव के दूसरे सप्ताह **(05/10/2023 से 11/10/2023** तक) के अंतर्गत विद्यार्थियों ने साहित्य के अंतर्गत विद्वानों के सुविचारों को हिन्दी, संस्कृत, गुजराती, मराठी, पंजाबी और छत्तीसगढी भाषाओं में प्रार्थना सभा के दौरान प्रस्तुत किया और सभी विद्यार्थियों से वाचन भी करवाया। इसी के दौरान विद्यार्थियों ने विद्वानों के कृतित्त्व और व्यक्तित्त्व पर भी हिन्दी, संस्कृत, गुजराती, मराठी, पंजाबी और छत्तीसगढी भाषाओं में प्रस्तुति दी।

भारतीय भाषा उत्सव के तीसरे सप्ताह (**12/10/2023 से 18/10/2023** तक) में विद्यार्थियों ने भोजन विषय के अंतर्गत विभिन्न राज्यों के भोजन के बारे तथ्यों को हिन्दी, संस्कृत, गुजराती, मराठी, पंजाबी और छत्तीसगढी भाषाओं में प्रदर्शित किया। इसी सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों ने सब्जियों और फलों के नाम हिन्दी, संस्कृत, गुजराती, मराठी, राजस्थानी, पंजाबी, भोजपुरी और छत्तीसगढी भाषाओं में प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम से सम्बंधित छायाचित्र–







केन्द्रीय विद्यालय दाहोद
भारतीय भाषा उत्सव
भाषाएँ अनेक,भाव एक
KENDRIYA VIDYALAYA DAHOD







## प्रतिवेदन

## एक भारत श्रेष्ठ भारत, अक्टूबर 2023

केन्द्रीय विद्यालय दाहोद में अक्टूबर माह की 17 तारीख को एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग, छत्तीसगढ़ के साथ विडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत का आदान–प्रदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में केन्द्रीय दाहोद के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी भाषा में अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किए और केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग ने गुजराती भाषा में कार्यक्रम प्रस्तुत किए। दोनों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने एक दूसरे की भाषा में कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी अपनी भावनाओं को व्यक्त किया।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत केंद्रीय विद्यालय दाहोद ने छत्तीसगढ़ी नृत्य प्रस्तुत किया, छत्तीसगढ़ी गाना प्रस्तुत किया, वेदिका और श्रेया ने छत्तीसगढ़ी भाषा में संवाद प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत केंद्रीय विद्यालय दुर्ग ने गुजराती नृत्य प्रस्तुत किया, गुजराती गाना प्रस्तुत किया, विद्यार्थियों ने गुजराती में संवाद प्रस्तुत किया। कार्यक्रम बहुत ही अच्छा रहा। सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम से प्रोत्साहित होकर ज्ञानवर्धन किया।

कार्यक्रम के छायाचित्र–








KV DAHOD





# प्रतिवेदन

## युवा मन्थन–20 और G-20

केन्द्रीय विद्यालय दाहोद में अक्टूबर माह की 18 तारीख को G-20 का प्रतिरूप युवा मन्थन–20 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा–11 और कक्षा–9 के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम को G-20 की थीम पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में 19 सदस्य देशों और एक नए सदस्य देश के प्रतिनिधि बनाए गए। निम्न विद्यार्थियों ने विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व किया–

इस कार्यक्रम में इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी–अपनी भूमिका का निर्वहन बहुत ही संजीदा तरीके से किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने Lifestyle for Environment (Life) : Making Sustainability a Way of Life विषय पर चर्चा की। विद्यार्थियों ने इस चर्चा के माध्यम से बताया कि इस विषय पर उन देशों में क्या–क्या काम हुआ है और क्या–क्या काम भविष्य में होने जा रहा है, जिस देश का वे प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। सभी विद्यार्थियों ने इसे बहुत ही आनन्द के साथ आयोजित किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्त्व क्षमता का विकास हुआ। निर्णय लेने की क्षमता का विकास हुआ। उनके ज्ञान में वृद्धि हुई वे उन देशों के बारे में अच्छे से जान सके जिनका वे प्रतिनिधित्व कर रहे थे।

कार्यक्रम से सम्बन्धित छायाचित्र–










| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ARGENTINA | Nandani-11th | Jhanvi-9th | Mahek-9th | |
| 2. | AUSTRALIA | Rohini-11th | Urvashi-9t | Aastha-9th | |
| 3. | BRAZIL | Vedika-11th | Muskan-9th | Vaibhavi-9th | |
| 4. | CANADA | Rahul-11th | Anshraj-9th | Harshvardhan-9th | |
| 5. | CHINA | Anurag-11th | Dhruvi-9th | Yuvraj.S-9th | |
| 6. | FRANCE | Deep-11th | Moulin-9th | Soumya-9th | |
| 7. | GERMANY | Raghav-11th | Avni-11th | Tarana-9t | Pragya-9th |
| 8. | INDIA | Vanshika-11th | Matri-11th | Aryan-11th | Ajay-11th |
| 9. | INDONESIA | Shreya-11th | Rashmi-11th | Unnati-9th | |
| 10. | ITALY | Aayush-11th | Mahima-9th | Saloni-9th | |
| 11. | JAPAN | Meet-11th | Grishma-9th | Harshita-9th | |
| 12. | REPUBLIC OF KOREA | Megha-11th | Priya-11th | Chetali-9th | sudhanshu-9th |
| 13. | MEXICO | Nilay-9th | Siddhant-9th | Sujal-9th | |
| 14. | RUSSIA | Darshan-11th | Pratik-11th | Arvi-9th | |
| 15. | SAUDI ARABIA | Yuvraj-11th | Parth-11th | Divya-9th | |
| 16. | SOUTH AFRICA | Bhavishya-11th | Yash-9th | Jigyanshu-9th | |
| 17. | TURKEY | Vashnvi-9th | Vidhi-9th | Anam-9th | |
| 18. | UNITED KINGDOM | Pooja-11th | Rajveer-9th | Shrishti-9th | |
| 19. | UNITED STATES | Divyang-11th | Alok-9th | Bhavya-9th | |
| 20. | EUROPEAN UNION | Dev-11th | Mohit-9th | Harsh-9th | |


Mexico


Saudi Arabia




Russia
Saudi Arabia





## प्रतिवेदन

## वॉलीबॉल मैदान का उद्घाटन

केन्द्रीय विद्यालय दाहोद में 19 अक्टूबर को वॉलीबॉल मैदान का उद्घाटन किया गया। वॉलीबॉल के मैदान का निर्माण विद्यालय के प्राचार्य श्री एनोश सैमसन जी ने करवाया। विद्यार्थियों को खेल के लिए प्रोत्साहित करने के लिए इस मैदान अर्पण 19 अक्टूबर को प्राचार्य जी के करकमलों के द्वारा किया गया। उद्घाटन के शुभ अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्राचार्य जी ने मिलकर वॉलीबॉल का खेल खेलकर आनन्द उठाया।

कार्यक्रम से सम्बंधित छायाचित्र-






## प्रतिवेदन

## खादी महोत्सव

केन्द्रीय विद्यालय दाहोद में अक्टूबर माह में खादी महोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को खादी का परिचय दिया गया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को खादी के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस खादी महोत्सव के अन्तर्गत विद्यार्थियों ने mygov.in पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। विद्यालय स्तर पर 30 अक्टूबर को खादी के महत्त्व पर निबंध लेखन प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता और श्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर भाग लिया और खादी का प्रचार–प्रसार किया।

कार्यक्रम से सम्बंधित छायाचित्र–









## प्रतिवेदन

## राष्ट्रीय एकता दिवस

विद्यालय में दिनांक 31/10/2023 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्मजयँती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई | इस अवसर पर विद्यालय में प्रार्थना सभा में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर प्राचार्य द्वारा माल्यार्पण  किया गया एवं सभी को प्रतिज्ञा दिलवाई गई |बच्चो को राष्ट्रीय एकता पर्व के महत्व से परिचित करवाया गया | दो बच्चों के द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला गया तत्पश्चात राष्ट्रीय एकता दौड़ आयोजित की गयी जिसमे प्राचार्य , शिक्षकों एवं विधयार्थियों ने भाग लिया |

कार्यक्रम से सम्बंधित छायाचित्र–








केन्द्रीय विद्यालय दाहोद
राष्ट्रीय एकता दौड़
दिनांक-31 अक्टूबर


राष्ट्रीय एकता दौड़
दिनांक-31 अक्टूबर






तत् त्वं पूषन् अपावृणु

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केन्द्रीय विद्यालय दाहोद